# ब्रह्माकुमारीज की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी जानकीजी को स्नेहांजलि अर्पित की गई

इंदौर । प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी डॉ दादी जानकी जी के पांचवीं पुण्य स्मृति दिवस के अवसर पर ओम शांति भवन न्यू पलासिया इंदौर में स्नेहांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर दादी जी के सम्मुख कार्यक्रम में शामिल हुए अतिथियों ने अपने संस्मरण सुनाए।परविंदर सिंह भाटिया ,लायंस इंटरनेशनल के पूर्व गवर्नर ने कहा कि राजयोगिनी दादी जानकी दी उनके अच्छे कार्यों के लिए हमेशा पहचानी जाती रहेगी। उनके सफेद पहनावे में एक दिव्य फरिश्ता की झलक दिखाई देती । दादी जानकी के लिए श्रद्धा सुमन यह है कि एक पवित्र आत्मा थी जो हमारे साथ है उनके अमूल्य विचार मानवता के लिए हमेशा अमर रहेंगे। इंदोर जोन की इंचार्ज राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आरती दीदी ने कहा कि दादी जानकी जी शक्ति स्वरूपा बाल ब्रह्मचारीणी प्रभू की याद में लवलीन रहने वाली दिव्य आत्मा थी दादी जी शुद्ध और पवित्र आत्मा थी जो भी संकल्प करती थी भगवान उसे पूरा करता था वह सबको यही कहती थी की प्रेम ही सार्थक जीवन की नींव है। दादी जानकी जी का जीवन एक खुली किताब थी जिसके हर एक पन्ने में



बहुत कुछ देखने और सीखने के लिए मिलता था ।न्यायाधीश बी डी राठी जी ने कहा की दादी जी बचपन से ही प्रभु की लगन में लग गई थी , समाज की सेवा में समर्पित होकर स्वयं को प्रभु को अर्पण कर दिया । अपनी विशाल बुद्धि से प्रॉब्लम को खत्म कर देती थी जैसे रुई का पहाड़ उड़ा देते हैं लव ओर लॉ के बैलेंस में रहती थी।अतुल गार्गव, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, रोटरी इंटरनेशनल ने कहा कि ब्रह्मा कुमारीज ऐसी संस्था है जिसका संचालन ब्रह्माकुमारी बहनों के द्वारा किया जाता है और राजयोगिनी दादी जानकी जी जिन्होंने 104 वर्ष की उम्र रहते हुए भी इस संगठन का सुचारू रूप से संचालन किया। उनके पास जब हम जाते थे तो एक आध्यात्मिक शक्ति की ऊर्जा मिलती थी और पॉजिटिव वाइब्रेशंस के रूप में सकारात्मक चिंतन मिलता था हमारा व्यवहार परिवर्तित हो जाता था , भगवान ने भी उन्हें 104 साल की उम्र इसलिए दी ताकि वे दैवीगुण का प्रचार प्रसार इस दैहिक जगत में कर सके ,आज भी वे हमारे आसपास ही विराजमान है और उनकी शिक्षाएं हमारे लिए अमूल्य सौगात है। स्वामी प्रणवानंद महाराज जी, ने कहा कि आध्यात्मिकता से ही मानव का विकास होता है और दादी जानकी जी आध्यात्मिकता की संदेश वाहक थी। बी के नारायण भाई ने कहा कि दादी जानकी जी एक दिव्य आत्मा थी जो त्याग तपस्या वैराग्य की प्रतिमूर्ति थी जिला न्यायाधीश श्री विनोद शर्मा, ,सुरेश गुप्ता जी , ब्रह्माकुमारी रेवती बहन, वीका बहन, आयुषी बहन,आशा बहन , दुर्गा बहन , प्रेम लता बहन ओर आये हुए सभी साधकों ने भी अपनी श्रद्धांजलि पुष्प अर्पित कर की ।

## नारी शक्तियों ने की सराहनीय पहल




इंदौर ब्रह्म शक्ति सोशल फाउंडेशन के तत्वावधान में हंस दास मठ में आयोजित ब्राह्मण युवक युवती परिचय सम्मेलन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। जानकारी देते हुए ब्रह्म शक्ति सोशल फाउंडेशन की अध्यक्षा श्रीमती भावना दुबे ने बताया कि 150 महिलाओं के ग्रुप द्वारा आयोजित परिचय सम्मेलन का यह पांचवां वर्ष है। इस परिचय सम्मेलन में 2500 प्रविष्ठियां प्राप्त हुई थी जिसमें से 30 के रिश्ते यहां तय हो गए।बड़ी संख्या में उपस्थित समाजजनों, अभिभावकों ने नारी शक्तियों द्वारा आयोजित परिचय सम्मेलन की सराहना की। उल्लेखनीय है कि ब्रह्म शक्ति सोशल फाउंडेशन अन्य कार्यक्रम जैसे हल्दी कंकू का त्यौहार, फाग उत्सव, सामूहिक विवाह, शिक्षक सम्मान, विद्यार्थी सम्मान आदि सामाजिक कार्य क्रम समय समय पर किए जाते हैं।अध्यक्षा श्रीमती भावना दुबे, वर्षा शर्मा, रजनी पांडे, वंशिका दुबे, इशिका दुबे, नंदिता शर्मा, आरती मिश्रा सपना अवस्थी, रंजना वैष्णव ,छाया दुबे, पूनम दीक्षित ,ज्योति शर्मा, सुमन शर्मा, प्रमिला शर्मा, चंदा तिवारी ,सपना शर्मा ,सीमा तिवारी ,अंजू चतुर्वेदी, नंदा चतुर्वेदी ,डिंपल शर्मा, अर्चना शर्मा ,भावना शर्मा प्रेरणा शुक्ला, रेनू शर्मा ,सीमा शर्मा, योगिता शर्मा ,मुस्कान शर्मा प्रीति दुबे ,मीता दुबे, प्रिया जोशी ,शालू शर्मा, सुशील शर्मा, राधा जोशी, विजयता जोशी एवं ब्रह्म शक्ति सोशल फाउंडेशन की सभी सदस्याओं के निरंतर प्रयास से परिचय सम्मेलन सफल रहा। आनंद अवस्थी, सुनील शर्मा, हर्ष दुबे, मनोज शर्मा एवं समाज जनों का सराहनीय सहयोग रहा।

## शब-ए-क़द्र पर इमामुद्दीन तिगाला ने दी मुबारकवाद



इंदौर। इबादत, इनाम और दुआओं की रात है शब-ए-कद्र, जो हज़ार महीनों से अफ़ज़ल है। इस मुबारक रात के मौके पर चन्दननगर क्षेत्र के समाजसेवी और वरिष्ठ कांग्रेस नेता इमामुद्दीन तिगाला ने समाजजेबों को मुबारकबाद पेश करते हुए कहा इस मुकद्दस रात में अल्लाह तमाम रोज़ेदारोंवकी दुआओं को कबूल फरमाए। जिंदगी को बरकतों से भर दे और सारे गुनाह माफ कर दे। अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगने और रहमतें पाने का बेहतरीन मौका है। रहमतों की यह रात मुबारक हो!

## दुआओं की कुबूलियत की रात है शब-ए-क़द्र



इंदौर। इस्लाम में शब-ए-क़द्र को मुकद्दस की रात कहा जाता है। जिला हज कमेटी मध्यप्रदेश शासन के उपाध्यक्ष रेहान अंसारी ने शब-ए-क़द्र की मुबारकबाद देते हुए कहा इस रात इबादत करने वालों की सभी दुआएं कबूल होती है और गुनाह माफ होते हैं। जिला उपाध्यक्ष रेहान अंसारी ने अपने संदेश में कहा इंसबी रिश्तों में मोहब्बत बनी रहे, हर जुबां पर दुआ सजी रहे, अल्लाह से यही गुजारिश है, हर इंसान के दिल में रहमत रहे।

## सेंट्रल जेल में कैदियों को नसीहत देने के साथ किया रोज़ा इफ्तार




इंदौर। माहे रमजान के इस बरकत और रहमतों के महीने में रोजा इफ्तार का आयोजन सेंट्रल जेल में किया गया। आयोजन में बतौर अतिथि इंदौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत चड्ढा, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सरफराज अंसारी, उप सरपंच शहजाद बाबा,जिला वक्फ कमेटी के अध्यक्ष रेहान शेख, मोरी वाली वक्फ कमेटी के सदर इस्माइल खान, इरफान मंसूरी, शेख शाकिर मसूदी आदि शामिल हुए। मौलाना नदीम रज़वी ने तक़रीर कर कैदियों को नसीहत की और आइंदा अपराध न करने का संकल्प दिलाया। जेल अधीक्षक अलका सोनकर, जेलर संतोष लाडिया, जेलर नागर का स्वागत भी किया गया।

## मदनी ग्रुप के रोज़ा इफ्तार में शामिल हुए सैकड़ों लोग



इंदौर। हर साल की तरह इस साल भी मदनी ग्रुप की जानिब से रोजा इफ्तार का प्रोग्राम मल्हार प्लटन मैदान जिंसी सफेद मस्जिद के पीछे मैदान में किया गया। जिसमें सैकड़ों की तादाद में लोगों ने शिरकत की। पहला रोजा रखने वाले बच्चों का इस्तकबाल किया गया। मदनी ग्रुप के. शाहनवाज कादरी, सरफराज कुरैशी, फिरोज पठान, शकील चौहान, आसिफ़ हुसैन, सलमान हुसैन, इब्राहिम हुसैन, जुबेर चौहान, उजेर पठान, हस्सान रंगरेज सहित बड़ी तादाद में क्षेत्र के रहवासियों ने रोज़ा खोला। मदनी ग्रुप ने सभी आने वाले मेहमानों का इस्तकबाल किया

## कार्टून कोना




चौदह अप्रैल से शुरू होगा पंजीयन श्रद्धालुओं को मेडिकल प्रमाण पत्र कराना होगा अनिवार्य

## अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई से होगी प्रारंभ नौ अगस्त रक्षाबंधन तक चलेगी



देपालपुर। अमरनाथ यात्रा इस वर्ष तीन जुलाई से प्रारंभ होकर नौ अगस्त तक चलेगी और इसमें भाग लेने के इच्छुक श्रद्धालुओं का पंजीयन चौदह अप्रैल से शुरू होगा श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार श्रद्धालु बैंक और ऑनलाइन दोनों माध्यमों से पंजीयन करा सकेंगे यात्रा में सम्मिलित होने के लिए श्रद्धालुओं को मेडिकल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य किया गया है जिसके लिए देपालपुर के शासकीय अस्पताल में डॉ वंदना केसरी को अधिकृत किया गया है हर साल देपालपुर और आसपास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु अमरनाथ यात्रा पर जाते हैं और इस बार भी यात्रा के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को पूर्ण करने के बाद यात्रा की आधिकारिक तिथियां घोषित की हैं जिससे श्रद्धालु अपनी सुविधा के अनुसार रेलवे में रिजर्वेशन और अन्य तैयारियां कर सकें श्राइन बोर्ड ने हर वर्ष की तरह इस बार भी अमरनाथ यात्रियों के पंजीयन के लिए पंजाब नेशनल बैंक की इंदौर शाखा को अधिकृत किया है जहां निर्धारित तिथि से पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ होगी श्रद्धालुओं को पंजीयन के लिए मेडिकल प्रमाण पत्र पासपोर्ट साइज फोटो और निर्धारित पंजीयन शुल्क जमा करना होगा श्रद्धालुओं को सलाह दी जाती है कि वे समय पर अपना पंजीयन करा लें ताकि यात्रा की सभी औपचारिकताएं सुगमता से पूरी की जा सकें और वे बिना किसी बाधा के पवित्र अमरनाथ यात्रा का हिस्सा बन सकें देपालपुर से हर वर्ष की तरह इस बार भी श्रद्धालुओं का पहला जत्था रवाना होगा जिसमें केदार पंड्या लोकेन्द्र माली सुमित गोयल संदीप सेन भारतसिंह तंवर और कृष्ण दुलारे जाधव सहित कई भक्त शामिल होंगे यह जत्था इंदौर एयरपोर्ट से फ्लाइट के माध्यम से श्रीनगर पहुंचेगा जहां से पहलगाम और चंदनवाड़ी होते हुए यात्रा की शुरुआत करेगा और अगले दिन बालटाल मार्ग से नीचे उतरेगा इसके साथ ही यह जत्था अमरनाथ में लगने वाले भंडारों में सेवा कार्य भी करेगा देपालपुर और आसपास के क्षेत्रों से प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु अमरनाथ यात्रा में शामिल होते हैं और इस बार भी यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में अपार उत्साह देखा जा रहा है यात्रा की सुगमता और सुरक्षित संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं ताकि श्रद्धालु बिना किसी कठिनाई के इस पवित्र तीर्थयात्रा को पूर्ण कर सकें

## गुजराती समाज का फाग उत्सव सम्पन्न

इंदौर। श्री वैष्णव वणिक गुजराती समाज द्वारा नसिया रोड पर परंपरागत वेशभूषा में होली मिलन व फाग उत्सव मनाया गया। आर्केस्ट्रा द्वारा होली के सुमधुर गीतों पर आधारित म्यूजिकल गेम खेला गया। समाज के महिला, पुरुष और बच्चों द्वारा सुंदर मन लुभावन नृत्य एवं गरबों के साथ हर्षोल्लास से फूल - गुलाल से रंगारंग होली खेली गई। इस अवसर पर गुजराती समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष दामोदर भाई शाह तथा पदाधिकारी एवं कार्य समिति के सदस्यों का स्वागत महिला मंडल द्वारा किया गया। उत्सव में 300 से अधिक महिला, पुरुष और बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शोभना बेन एवं प्रीति लोकेश शाह ने किया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग मनीषा बेन जौहरी, जागृति शाह, आरती मेहता, सीमा जौहरी, प्रिया गुजराती व अदिति शाह ने दिया। आभार सचिव प्रो. दीपक शाह ने माना।

## मासिक बैठक के साथ किया उत्सव रंगों का आयोजन



इन्दौर महावीर बाग में आयोजित जेएसएसजी प्राइम की तीसरी मासिक बैठक के दौरान कार्यक्रम उत्सव रंगों का आयोजन भी किया गया। इसमें किरण सिरोलिया के शानदार हास्य व्यंग्य से भरपूर प्रश्नों एवं गेम ने सबका मन मोह लिया। सारिका मेहता व तेजसिंह मारु ने गेम करवाए। मधुर गीतों व नृत्य सहित तंबोला खेला। इस मौके पर पवन चुराडिया, सुरेश डोसी, सुभाष चोपड़ा, मनोज जैन, आशा जैन, नरेंद्र संचेती सहित कई सदस्य मौजूद थे।

डॉक्टर समय पर नहीं पहुंचे, एसडीएम ने दिए कार्रवाई के निर्देश

## देपालपुर सरकारी अस्पताल में मरीजों की परेशानी






देपालपुर। गुरुवार को देपालपुर के सरकारी अस्पताल में अव्यवस्था का आलम देखने को मिला, जब निर्धारित समय पर डॉक्टर अस्पताल में मौजूद नहीं थे। सुबह 9:00 बजे से ओपीडी शुरू होनी थी, लेकिन 10:45 बजे तक डॉक्टर नदारद रहे। इस दौरान इलाज के लिए आए मरीज अस्पताल परिसर में इधर-उधर भटकते रहे, लेकिन कोई समाधान नहीं मिला।

मरीजों की परेशानी और प्रशासन की लापरवाही

सरकारी अस्पताल में ओपीडी का समय सुबह 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक और शाम 5:00 बजे से 6:00 बजे तक निर्धारित है। इसके बावजूद डॉक्टरों की गैरमौजूदगी ने मरीजों की दिक्कतें बढ़ा दीं। गंभीर बीमारियों और चोटों से पीड़ित मरीज बिना इलाज के परेशान होते रहे, लेकिन अस्पताल प्रशासन की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया गया।

चीफ बीएमओ वंदना केसरी की अनदेखी का असर

स्थानीय लोगों और मरीजों के परिजनों ने बताया कि अस्पताल में समय पर डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित करने को लेकर लापरवाही बरती जा रही है। चीफ बीएमओ वंदना केसरी इस मुद्दे को नजरअंदाज करती रही हैं, जिससे मरीजों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

एसडीएम राकेश मोहन त्रिपाठी ने लिया संज्ञान

जब यह मामला देपालपुर के एसडीएम राकेश मोहन त्रिपाठी के संज्ञान में आया, तो उन्होंने तत्काल चीफ बीएमओ वंदना केसरी को लापता डॉक्टर के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में समय पर डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित होनी चाहिए, ताकि मरीजों को सही समय पर इलाज मिल सके। बीएमओ वंदना केसरी को निर्देश दिया गया है कि वे संबंधित डॉक्टर को कारण बताओ नोटिस (एससीएन) जारी करें और जवाब मांगे।

## कोली समाज की पंचायत का होली मिलन समारोह सम्पन्न



इन्दौर । होली का त्यौहार हर व्यक्ति के जीवन? में जोश, उमंग और खुशहाली लेकर आता है। फागुन माह में आज हर समाज में फाग महोत्सव, होली मिलन समारोह आयोजित कर सामाजिक एकता का संदेश भी दिया जाता है, इसी कड़ी में महावर कोली समाज की प्रमुख श्रवण कुमार पूनम चंद जी पटेल की पंचायत द्वारा पारिवारिक होली मिलन समारोह महावर नगर स्थित माता मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया। जिसमें दाल-बाफले और लड्डू के साथ स्वादिष्ट सहभोज भी रखा गया।

महावर कोली समाज की स्व. पूनमचंद पटेल की प्रमुख 65 परिवारों की पंचायत है, जो लगभग 50 वर्षों से संचालित हो रही है। बुधवार की ढलती शाम पर आयोजित होली मिलन समारोह में सभी ने एक दूसरे को बधाई दी।

इस अवसर पर समाज की अन्य चार पंचायतों के पटेल एवं पंचों ने श्रवण कुमार पूनम चंद पटेल की पंचायत के पटेल नरेन्द्र सिंदेल एवं वरिष्ठ समाजसेवी रामगोपाल खंडेलवाल

का साफा बांध कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर अतिथी के रुप में पार्षद योगेश गेंदर, महावर विचार मंच के अध्यक्ष नंदराम मेहर, वरिष्ठ पटेल नाथूलाल शेर, झलकारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश महावर कोली, पूर्व पार्षद घनश्याम शेर, गोविंद पटेल, वरिष्ठ समाजसेवी का स्वागत पंचायत के पंच दिलीप खंडेलवाल, प्रहलाद टाटवाल, फूलचंद टाटवाल आदि ने किया।

## सृजन विविधा 28 मार्च को

श्री मध्यभारत हिंदी साहित्य समिति इंदौर में ''सृजन विविधा'' वरिष्ठ एवं नवोदित सभी रचनाकारों के लिए अपनी ÷स्वरचित रचना÷ जैसे गीत, गजल, कथा, लेख आदि प्रस्तुत करने का यह एक खुला मंच है। श्रोताओं द्वारा रचनाओं की समीक्षा व सुझावों से नवोदित रचनाकारों को लेखन की दिशा में मार्गदर्शन सुलभ है। साहित्य में रुचि रखने वाले आप सभी सम्माननीय रचनाकार, श्रोता व पाठकों का इस मंच पर हार्दिक स्वागत है। प्रचार मंत्री हेराम वाजपेयी ने बताया कि कार्यक्रम 28 मार्च, 2025 शाम 6:00 बजे से रहेगा।

## सफर ट्रेवल्स के महावीर वर्मा का दुखद निधन



इन्दौर । स्व. गुरु प्रसाद वर्मा के जेष्ठ पुत्र सुरेश वर्मा के बड़े भाई गोलू अभिषेक के पिता सोनू वर्मा के बड़े मामा आदर्श पूर्वी कोरी समाज के संरक्षक एवं पत्रकार हीरालाल वर्मा के भतेजे श्री महावीर वर्मा का 26 मार्च को दुखद निधन हो गया । शव यात्रा निज निवास सोमनाथ की जूनी चाल देव नगर से निकली शव यात्रा में बड़ी संख्या में समाज जन एवं ट्रेवल्स संचालक थे । समाज में रामपाल सर्ना सुरेश वर्मा महेश वर्मा भगवानदीन वर्मा इन्द्रपाल वर्मा मुन्ना वर्मा अजनोद साहित ट्रेवल्स संचालक काफी संख्या में थे । कपाल क्रिया बड़े पुत्र गोलू वर्मा ने किया ।शोक सभा में कई लोगों ने उन्हे श्रद्धा सुमन अर्पित किये । शोक सभा का संचालन महेश वर्मा ने किया उन्होंने कहा कि शहर में सफर ट्रेवल्स के नाम की स्थापना कर अपनी पहचान के रूप में जाने पहचाने जाते थे समाज में मिलन सार हंस मुख थे वे अपना भरा पुरा परिवार छोड़ कर गये हैं । मैं अपनी ओर से एवं आदर्श पूर्वी कोरी समाज की ओर से श्रद्धा समुन अर्पित कर एवं वर्मा परिवार पर जो दुख हुआ पड़ा मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि सहन शक्ति प्रदान करें । दो मिनट का सामूहिक मौन रख उन्हें श्रंद्धाजलि दी गई । इनका तीसरे का कार्यक्रम 28 मार्च शुक्रवार को रखा गया है एवं अस्ति संचय सुबह आठ बजे होगा ।